
UPHIN/2011/39718

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-139 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 01 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

# जो काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं, सीएम योगी का सपा पर कटाक्ष


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** सीएम योगी ने गुरुवार को विधानसभा के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखा। योगी ने विपक्ष, खासतौर पर सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला किया।

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन 2019 में ही लागू होना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन ने लोकसभा में इसका विरोध किया। योगी ने कटाक्ष किया कि जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने यही कलंक बनने का काम किया। प्रस्ताव गिरते ही एक-दूसरे को बधाई दी और नारेबाजी की कि हमने



महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने दिया। यह आपका आचरण था, जिससे पूरा सदन और पूरा देश आहत है। इसी श्रृंखला में हम आज इस सदन में चर्चा करने आए हैं। योगी ने विधानसभा में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए, ताकि उन कारकों को चिन्हित किया जा सके जो महिला स्वावलंबन और सशक्तीकरण में बाधक हैं। देश के सबसे बड़े विधानमंडल के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा की इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए किए गए कार्यों की श्रृंखला का परिणाम है। इसका उद्देश्य महिलाओं को केवल लाभार्थी योजनाओं तक सीमित न रखकर नीति-निर्धारण और कानून-निर्माण में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। वर्तमान में भारतीय संसद में महिलाओं की संख्या मात्र 15 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश विधानसभा में यह केवल 11-12 प्रतिशत तक सीमित है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए तो आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिल सकेगा और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हो सकेगी। देश प्रधानमंत्री मोदी जी का आभारी है, जिन्होंने विभिन्न वेलफेयर स्कीम्स के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

## 30 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस खाते खुले

विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी के उन्नयन, गरिमा, सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए उठाए जाने वाले किसी भी प्रगतिशील कदम का समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमेशा विरोध करता रहा है। 16-17 अप्रैल को लोकसभा में इन दलों का आचरण स्पष्ट रूप से महिला-विरोधी रहा। जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन योजना शुरू की, तो आजादी के बाद पहली बार महिलाओं के बैंक खाते खोले गए। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने उस समय भी इसका पुरजोर विरोध और दुष्प्रचार किया। उससे पहले महिलाओं को योजनाओं का आधा लाभ भी नहीं मिल पाता था और पेंशन की राशि में आधा पैसा कमीशन में खा लिया जाता था। स्वतंत्र भारत में पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में 30 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस खाते खुले, लेकिन विपक्ष ने तब भी इस योजना का मजाक उड़ाया। कोविड काल में डीबीटी के माध्यम से सीधे महिलाओं के बैंक खातों में लाभ पहुंचने लगा, फिर भी आप 15 लाख रुपये का मुद्दा उठाकर महिलाओं का अपमान कर रहे हैं।

## सपा के शोहदे छींटाकसी करते थे

योगी ने कहा, अक्टूबर 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से भी जुड़ा था। इसके अंतर्गत 'हर घर शौचालय' का बड़ा अभियान चलाया गया। सपा ने इस योजना का लगातार विरोध किया। उत्तर प्रदेश में कुल 2 करोड़ 61 लाख शौचालय बनाए गए, जिनमें से सपा शासन के ढाई वर्ष में मात्र 40-41 लाख शौचालय ही बन पाए। जबकि डबल इंजन सरकार आने के बाद डेढ़ वर्ष के अंदर ही दो करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। पूरे देश में 12 करोड़ शौचालय बने। आप लोग तब भी मजाक उड़ाते थे कि शौचालय से क्या होगा? वे मात्र शौचालय नहीं थे, वे नारी गरिमा, स्वच्छता और बीमारियों के उन्मूलन के प्रतीक थे। आपके शासन में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से मासूम बच्चों की मौत होती थी।

आधी आबादी को पहली बार आवास और मालिकाना अधिकार का लाभ मिला

सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी को पहली बार आवास और मालिकाना अधिकार का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देश में 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश के 65 लाख परिवार शामिल हैं। सपा सरकार में ढाई वर्ष में एक भी आवास नहीं बना, बल्कि आपने केंद्र के प्रस्ताव का विरोध किया। डबल इंजन सरकार आने के बाद पिछले 9 वर्षों में 65 लाख आवास बनाए गए, जिनमें अधिकांश महिलाओं के नाम पर हैं। इसी तरह, ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार गरीबों को उनके मकान का पूर्ण मालिकाना अधिकार दिया जा रहा है, वह भी मुख्य रूप से महिलाओं के नाम पर। पूरे देश में तीन करोड़ परिवारों को यह अधिकार मिला है, जिनमें से एक करोड़ से अधिक उत्तर प्रदेश में हैं। यह काम कांग्रेस, समाजवादी पार्टी या अन्य दलों की सरकारें कभी नहीं कर पाईं, लेकिन एनडीए सरकार ने किया है।

## बिना भेदभाव दिया योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार बनते ही हमने नारी उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। सबसे पहले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की गई, ताकि गरीब परिवार अपनी बेटी की शादी को लेकर चिंतित न रहें। बेटी किसी भी जाति-धर्म की हो, वह सबसे पहले प्रदेश की बेटी है। कन्यादान में माता-पिता के साथ सरकार का प्रतिनिधि भी शामिल होता है और जिलाधिकारी द्वारा निमंत्रण पत्र जारी किया जाता है। अब तक इस योजना के तहत 6 लाख बेटियों की शादी हो चुकी है।

## कांग्रेस और सपा के शासन में एलपीजी सिलेंडर की जगह मिलते थे डंडे

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना पर आप लोग सवाल उठाते रहे, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासन में एलपीजी सिलेंडर मिलते नहीं थे, डंडे जरूर पड़ जाते थे। बेटी की शादी के समय परिवार सिलेंडर देना चाहता था, लेकिन कांग्रेस कनेक्शन नहीं देती थी और समाजवादी पार्टी डंडा मार देती थी। आज प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ महिलाओं को फ्री एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि यूपीए सरकार के समय ये 25 से 50 हजार रुपये में ब्लैक में बिकते थे। इसी प्रकार, 50 करोड़ महिलाओं को आयुष्मान भारत के तहत ?5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा और 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। लखपति दीदी योजना के तहत 3 करोड़ महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन की राह पर हैं।

## आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर आधी आबादी को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाया। परंतु 2019 में इसे लागू करने के प्रस्ताव पर इंडी गठबंधन के सभी दल बाधक बन गए।

## सुर्खियां.............

### मेधावी छात्रों का सम्मान समारोहः बचपन किड्स वर्ल्ड में चमके प्रतिभा के सितारे

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन )।** नगर के उमरी रोड स्थित बचपन किड्स वर्ल्ड विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 10-10 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण और परीक्षण किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली निगम ने ट्रांसफार्मरों की जांच और रखरखाव का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उरई-जालौन मार्ग स्थित बिजलीघर में स्थापित 10-10 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण और परीक्षण किया गया, जिसमें सभी उपकरण सामान्य पाए गए। गर्मियों में बढ़ते लोड के कारण ट्रांसफार्मरों के खराब होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जो कई बार बरसात तक जारी रहती हैं। इससे एक ओर जहां उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में बाधा आती है, वहीं विभाग को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### फिर पकड़ा जालौन में पांच किग्रा गांजा तस्कर भी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पांच किग्रा गांजा के साथ एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि बंगरा रोड रोड पर छ:पुला के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा।

# बृजभूषण शरण सिंह के लिए सपा में शामिल होना क्यों आसान नहीं? इन 5 वजहों से फंसे हैं पूर्व सांसद!

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता और कैसरगंज से पूर्व सासंद बृजभूषण शरण सिंह समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं.सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से जब इस संदर्भ में सवाल पूछा गया तो उन्होंने गेंद पूर्व सांसद के पाले में डाल दी.हरदोई में पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियां क्या बनती है,ये वही बेहतर बता सकते हैं.

6 बार के सांसद रह चुके बृजभूषण शरण सिंह वर्ष 2008 में सपा में शामिल हुए थे. बीजेपी ने उन्हें क्रॉस वोटिंग के आरोपों के चलते पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था. हालांकि साल 2009 के चुनाव में सिंह, सपा के टिकट पर कैसरगंज से सांसद चुने गए. साल 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले वह बीजेपी में शामिल हो गए. वह सन् 1991, 1999, 2004 तक बीजेपी से सांसद थे. फिर वह साल 2009 से 14 तक सपा के टिकट पर सांसद रहे. साल 2014 और 2019 में वह बीजेपी के टिकट पर सांसद रहे. साल 2024 के चुनाव के पहले पार्टी ने उनकी जगह



उनके बेटे करणभूषण सिंह को प्रत्याशी बनाया था. अब सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या मौजूदा सियासी परिदृश्य में बृजभूषण शरण सिंह का सपा में जाना आसान रहेगा? बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे और दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल की है. सपा यूपी में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और 'संविधान बचाओ' के नैरेटिव पर चल रही है. साल 2024 के चुनाव में भी सपा ने इसी नैरेटिव पर चुनाव लड़ा और 37 सीटें हासिल की थी. अब अगर साल 2027 के चुनाव से पहले सपा उन्हें शामिल करती है, तो बीजेपी इसे 'महिलाओं के अपमान' के रूप में भुना सकती है. इससे सपा का महिला वोट बैंक उनसे अलग हो सकता है. बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले ज्यादातर पहलवान- विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया, जाट समुदाय से आते हैं. साल 2027 के चुनाव के पहले सपा का पश्चिमी यूपी में जयंत चौधरी की कमी को पूरा करने के लिए जाटों को साधना जरूरी है. बृजभूषण को साथ लेने से सपा पश्चिमी यूपी और हरियाणा सीमा से सटे जिलों में जाटों की नाराजगी मोल ले सकती है, जो अखिलेश फिलहाल नहीं चाहेंगे.हालांकि यह बात ध्यान देने योग्य है कि जब बृजभूषण पर आरोप लगे तब भी सपा के कार्यकर्ताओं और छुटभैया नेताओं ने भले कुछ कहा हो लेकिन अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव, रामगोपाल समेत तमाम नेता या तो चुप रहे या यह कहते हुए आगे निकल गए कि मामला अदालत में है या जांच का विषय है. बृजभूषण का प्रभाव केवल बीजेपी तक सीमित नहीं है, उनका कई स्थानीय सपा नेताओं के साथ राजनीतिक टकराव रहा है. अयोध्या, बहराइच, गोंडा और बस्ती बेल्ट में सपा के पास अपने मजबूत क्षत्रप हैं. बृजभूषण के आने से उन नेताओं का वर्चस्व खतरे में पड़ेगा, जिससे पार्टी के भीतर बगावत या अंतर्कलह शुरू हो सकती है. सिर्फ गोंडा की बात करें तो अभी पंडित सिंह के भतीजे सूरज सिंह सपा से अपना भविष्य देख रहे हैं. अगर बृजभूषण सपा में आते हैं तो सूरज सिंह समेत तमाम सपाइयों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है. यूं तो सूरज सिंह बृजभूषण के कद के नेता नहीं हैं लेकिन पूर्व सांसद के बेटे प्रतीक भूषण खुद गोंडा सदर से विधायक हैं और इसी सीट पर सूरज सिंह भी चुनाव लड़ते हैं. अब यह लगभग मुश्किल ही है कि बृजभूषण सपा में अकेले आएं. बृजभूषण फिलहाल खुद को बीजेपी में हाशिए पर जरूर बता रहे हैं लेकिन उनके बेटे करण भूषण सिंह सांसद हैं. उनके एक और बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोंडा सदर के विधायक हैं. अगर वह सपा में जाते हैं, तो उनके बेटों के सियासी भविष्य को लेकर भी सवाल हो सकते हैं. इससे इतर बीजेपी ने ऐसे कई नेताओं को अलग-अलग समय पर मौका दिया है जब यह माना जाने लगा कि पार्टी में उनका करियर खात्मे की ओर है. ऐसे में बीजेपी और बृजभूषण दोनों ही वेट एंड वॉच की रणनीति पर काम कर सकते हैं. गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने कई एनडीए के कई प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था. साल 2027 के चुनाव में इंडिया अलायंस के परचम तले सपा और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस यूपी में साथ चुनाव लड़ेंगे. यह ऐलान खुद सपा चीफ कर चुके हैं. पहलवानों के मामले में बृजभूषण शरण सिंह खुद आरोप लगा चुके हैं कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कहने पर सारी चीजें हुईं. इस मामले में सपा जितनी शांत थी, कांग्रेस उतनी ही मुखर. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी, वायनाड सांसद प्रियंका गांधी समेत तमाम नेताओं ने बृजभूषण पर गंभीर आरोप लगाए थे. ऐसे में अगर बृजभूषण, सपा के साथ आते हैं तो कांग्रेस के साथ अलायंस पर भी असर पड़ सकता है.

### बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु सरकार ने खोल रखा है खजाना

# जिले में भारी घोटाले के साथ चल रहा है सरकार का पुष्टाहार कार्यक्रम

» पुष्टाहार में जो करोड़ों रुपये फूंक रही है सरकार उसमे सरकार की नीयत तो अच्छी है मगर अधिकारी हैं बदनीयत
» मानक के कतई अनुरुप नही है पुष्टाहार
» सरकारी है व्यवस्था अतः बच्चे घटिया आहार को खाने को मजबूर
» पुष्टाहार बनता तो जनपद में ही है मगर उसकी गुडवत्ता पर उठते रहव हैं सवाल

( प्रधान संपादक )
( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में संचालित लगभग 1885 आंगनवाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जा रहे पुष्टाहार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह पुष्टाहार, जो बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, अब अपनी गुणवत्ता को लेकर विवादों में घिर गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और लाभार्थियों के अनुसार, वर्तमान में वितरित की जा रही पंजीरी न केवल मानक के अनुरूप नहीं है, बल्कि कई बार उसमें बदबू तक आती है।

जानकारी के अनुसार, जनपद में पुष्टाहार का निर्माण मुख्य रूप से दो स्थानों—अकबरपुर इटोरा और विकासखंड कुठौंद—में स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद इसे आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचाया जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने कई बार इस संबंध में सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) और डीपीओ (जिला कार्यक्रम अधिकारी) को अवगत कराया है कि जो पंजीरी उन्हें मिल रही है, वह गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरती। कई बार उसमें से दुर्गंध आती है और उसका स्वाद भी कड़वा या असामान्य होता है, जिससे बच्चे उसे खाने से कतराते हैं। कुछ मामलों में तो यह भी आरोप सामने आए हैं कि इस पुष्टाहार के सेवन के बाद बच्चों में डायरिया जैसी समस्याएं देखने को मिली हैं। ऐसे में लाभार्थियों का भरोसा इस योजना से उठता जा रहा है। कई अभिभावकों का कहना है कि वे पंजीरी लेने से इनकार कर देते हैं, और यदि ले भी जाते हैं तो उसे घर में फेंक देते हैं क्योंकि बच्चे उसे खाने से मना कर देते हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर बात यह है कि पुष्टाहार की गुणवत्ता की नियमित जांच और सैंपलिंग नहीं कराई जा रही है। न तो किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच होती है और न ही विभागीय स्तर पर कोई ठोस निगरानी तंत्र सक्रिय नजर आता है। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं न कहीं इस प्रक्रिया में लापरवाही या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी द्वारा इन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बने पुष्टाहार को ही वितरित करने का दबाव बनाया जाता है। उनका कहना है कि यदि कोई कार्यकत्री गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाती है या वितरण में अनिच्छा जताती है, तो उस पर विभागीय दबाव बनाया जाता है। इस पूरे मामले में कमीशनखोरी के आरोप भी सामने आए हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पुष्टाहार निर्माण और वितरण की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हो रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस तरह से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, उससे जांच की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आंगनवाड़ी पुष्टाहार जैसी योजनाएं देश के भविष्य—बच्चों—के स्वास्थ्य से सीधे जुड़ी होती हैं। यदि इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है, तो इसका असर केवल वर्तमान पर ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। ऐसे में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जनपद के सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह एक बड़े घोटाले का रूप ले सकता है और हजारों बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जारी रहेगा। अब देखना यह होगा कि उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग इस गंभीर मामले पर क्या रुख अपनाते हैं। क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा—यह आने वाला समय ही बताएगा।

» पुष्टाहार निर्माण और वितरण के कार्य मे व्यापत है अंधेरगर्दी, पारदर्शिता के नाम पर डाले रहते हैं पर्दा
» नाम न उजागर करने की शर्त पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया दावा- की मानक से बहुत घटिया है आहार, शिकायतों पर जिम्मेदार अधिकारी नही करते कोई कार्यवाही
» पुष्टाहार के नाम पर प्रतिमाह डकारा जा रहा है सरकारी खजाने का भारी भरकम धन

# भाईचारा दुश्मनी में बदला

## शादी में न बुलाने से नाराज चाचा ने दूल्हे के घर का दरवाजा वेल्डिंग से किया सील

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर में पारिवारिक विवाद का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां नाराज चाचा ने दूल्हे के घर का मुख्य दरवाजा वेल्डिंग कर सील करा दिया। यह घटना उस समय हुई जब दूल्हे की बारात झांसी गई थी और घर में ताला पड़ा हुआ था। जब दूल्हा शादी कर बारात के साथ दुल्हन को लेकर गुरुवार की सुबह घर लौटा तो दरवाजा वेल्डिंग से सील था। जिसके बाद पुलिस को बुलाकर दरवाजा खुलवाया गया।



कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी मुहम्मद माजिद की बारात बुधवार की शाम झांसी गई थी। शादी समारोह संपन्न होने के बाद गुरुवार सुबह जब माजिद अपनी पत्नी नजमा और बारातियों के साथ घर पहुंचे, तो मुख्य दरवाजा वेल्डिंग से बंद कर दिया गया था। यह देखकर सभी दंग रह गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों के आरोप लगाया कि माजिद ने अपनी शादी में अपने चाचा मुहम्मद अजहर को आमंत्रित नहीं किया था, जिससे नाराज होकर चाचा ने इस घटना को अंजाम दिया। जब दूल्हा बारात लेकर झांसी गया हुआ था और घर पर कोई मौजूद नहीं था, उसी दौरान चाचा ने घर के मुख्य दरवाजे को वेल्डिंग करवा कर बंद करा दिया। घर लौटने पर दूल्हा-दुल्हन और परिजन दरवाजा बंद देख परेशान हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजे की वेल्डिंग कटवाई गई और ताला तोड़कर घर को खुलवाया गया, जिसके बाद दुल्हन नजमा का गृह प्रवेश कराया गया। घटना के बाद इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है और जांच की जा रही है।

# 10-10 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण और परीक्षण किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली निगम ने ट्रांसफार्मरों की जांच और रखरखाव का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उरई-जालौन मार्ग स्थित बिजलीघर में स्थापित 10-10 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण और परीक्षण किया गया, जिसमें सभी उपकरण सामान्य पाए गए। गर्मियों में बढ़ते लोड के कारण ट्रांसफार्मरों के खराब होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जो कई बार बरसात तक जारी रहती हैं। इससे एक ओर जहां उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में बाधा आती है, वहीं विभाग को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा समय रहते सतर्कता बरती जा रही है।बिजलीघर पर टेस्ट टीम द्वारा करीब डेढ़ घंटे तक ट्रांसफार्मरों की गहन जांच की गई, जिसे रोस्टिंग में समायोजित किया गया। इस दौरान फीडर मशीन में ट्रिपिंग का ट्रायल भी किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। जांच में एसडीओ सूरज सोनी, एई मीटर आजाद, धीरेंद्र, जेई नवीन कंजोलिया, जेई दीपेंद्र शर्मा, टीजी-2 जितेंद्र, रवि यादव, संविदाकर्मी उपेंद्र और समीर सहित अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया। इसके अलावा नगर क्षेत्र में स्थापित 400 केवी के 11 और 250 केवी के 33 ट्रांसफार्मरों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया के नेतृत्व में कुल 44 ट्रांसफार्मरों की जांच अभियान चलाया जा रहा है। पहले दिन बिजलीघर में लगे 10-10 एमवीए ट्रांसफार्मरों की जांच की गई, जो पूरी तरह ठीक पाए गए। निरीक्षण के दौरान कुछ ट्रांसफार्मरों में निर्धारित मानक से कम तेल पाया गया, जिस पर तत्काल मानक के अनुसार तेल की पूर्ति कराई गई। साथ ही तेल चोरी की संभावनाओं को देखते हुए ट्रांसफार्मरों के नोजिल को वेल्डिंग कराकर सुरक्षित करने के निर्देश दिए गए। ट्रांसफार्मरों के पास लगे बॉक्स को बदलने और केबलों को दुरुस्त करने का कार्य भी किया गया। जेई ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# रामपुरा में कोटेदार की खुली पोलः राशन घोटाले की जांच में कालाबाजारी उजागर, एफआईआर के आदेश

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )।** नगर पंचायत रामपुरा में उचित दर विक्रेता रामप्रकाश के खिलाफ खाद्यान्न वितरण में अनियमितताओं की शिकायत आखिरकार जांच में सही पाई गई। मामले में प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया कि 18 अप्रैल 2026 को सम्पूर्ण समाधान दिवस में श्रीमती राजश्री व सनिल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि कोटेदार द्वारा बिना मुनादी के चयनित लोगों को राशन दिया जाता है, अंगूठा लगवाकर बाद में आने को कहा जाता है और प्रति कार्डधारक करीब 2 किलो खाद्यान्न कम दिया जाता है। साथ ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें विक्रेता ई-कांटे पर बांट से तौल करता नजर आया। शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी द्वारा संयुक्त जांच की गई। प्रारंभिक जांच में कुछ कार्डधारकों ने



विक्रेता के पक्ष में बयान दिए, लेकिन 23 अप्रैल को दोबारा जांच में 32 कार्डधारकों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें कई लोगों ने राशन कम मिलने, देरी से वितरण और अभद्र व्यवहार की पुष्टि की। जांच के दौरान विक्रेता की दुकान में भारी मात्रा में खाद्यान्न की कमी भी पाई गई। करीब 22 बोरी गेहूं, 3 बोरी चावल और 4.5 बोरी ज्वार कम मिला, जिससे कालाबाजारी की आशंका को बल मिला। अधिकारियों के अनुसार विक्रेता का कृत्य अनुबंध की शर्तों और उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु वितरण नियंत्रण आदेश 2016 का उल्लंघन है। जिलाधिकारी द्वारा 24 अप्रैल 2026 को एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दे दी गई है। अब मामले में विधिक कार्रवाई के तहत आगे की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अन्य कोटेदारों के लिए भी यह एक सख्त संदेश माना जा रहा है।

# माधौगढ़ में भाजपा की जन आक्रोश महिला पदयात्रा, मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय( जालौन )।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर एक सशक्त पहल के रूप में भाजपा माधौगढ़ मण्डल द्वारा 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास ने किया, जिसमें नगर की मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।



पदयात्रा के माध्यम से महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर महिला विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। साथ ही महिला आरक्षण के 33 प्रतिशत प्रावधान को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सारिका तोमर ने 'अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करो' जैसे नारों के साथ महिलाओं को जागरूक करते हुए एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और किसी भी प्रकार के अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगी। पदयात्रा में दर्जनों महिलाओं की भागीदारी रही, इस मौके पर निर्वाचित सभासद सुनीता सिंह,मंडल अध्यक्ष कमलापत कुशबाहा,अंकित कस्तवार,के टी तोमर,कोमल मिहोनी, डब्बू सिंह,देवेंद्र सिरसा,शिवम हरौली ,रामू परिहार,अवनीश सिंह,शिवम भदौरिया, निखिल भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहे

# घर में घुसकर महिला की, की बर्बर मारपीट, टूट गया कूल्हा

**-पुलिस ने नही लिखी रिपोर्ट, 19 अप्रेल से पुलिस के चक्कर काट रहा है परिवार**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन )।** क्षेत्र के ग्राम छुटका की खोड़-अतरौली में दबंगई का मामला सामने आया है, जहां किराना दुकानदार से पैसे मांगने पर आरोपी ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि घर में घुसकर मारपीट भी की। घटना में बचाने आई पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगा है। पीड़ित मुन्नालाल पुत्र राजधर के अनुसार, 19 अप्रैल की रात करीब 11 बजे गांव निवासी रूस्तम सिंह उसकी दुकान पर गुटखा लेने आया था। पैसे मांगने पर वह भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। जान बचाने के लिए मुन्नालाल घर में घुस गया, लेकिन आरोपी भी जबरन घर में घुस आया और उसका गला पकड़कर मारपीट करने लगा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने पुराने मुकदमे को लेकर दबाव बनाते हुए समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बचाने आई पत्नी केशकली को भी आरोपी ने बेरहमी से पीटा और जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कूल्हे में गंभीर चोट आ गई। शोरगुल सुनकर आसपास के



लोग जुटे तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने अगले दिन थाना रेंढर में शिकायत दी, लेकिन अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई है और न ही घायल महिला का मेडिकल कराया गया है। पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# फिर पकड़ा जालौन में पांच किग्र गांजा

**तस्कर भी गिरफ्तार**

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पांच किग्रा गांजा के साथ एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि बंगरा रोड रोड पर छः पुला के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने वहां से जा रहे संदिग्ध रेंडर थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारी निवासी अनुराग प्रताप सिंह को रोककर जब उससे पूंछतांछ की तो वह हड़बड़ा गया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से पांच किग्रा गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# मेधावी छात्रों का सम्मान समारोहः बचपन किड्स वर्ल्ड में चमके प्रतिभा के सितारे

## इंटरमीडिएट व हाईस्कूल टॉपर्स को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन )।** नगर के उमरी रोड स्थित बचपन किड्स वर्ल्ड विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



इंटरमीडिएट वर्ग में आर्याशी गुप्ता ने 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अदिति गुप्ता (86%), इशिका गुप्ता (84.80%), एकता राठौर (84%) और पवित्र गुप्ता (80.40%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वहीं हाईस्कूल वर्ग में श्रेया गुप्ता ने 91.33 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त वैष्णवी (91%), वेदांत शुक्ला (88.83%), सौम्या (88%), श्रद्धा भदौरिया (88%), समृद्धि (87.66%) और मान्या गुप्ता (87.66%) ने भी शानदार अंक हासिल किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रबंधक दीपा शिवप्रताप सिंह ने कहा कि मेधावी छात्रों का सम्मान करना उनके उत्साहवर्धन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी, भरत दोन्देरिया , रजनीश गुप्ता, नीलू भदौरिया, पंकज रावत सहित जितेंद्र सविता, माधबेंद्र सिंह, अज्जू पचौरी, सूर्यजेंद्र भदौरिया, पान सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 'पल्हरी ग्राम पंचायत की बदहाल सड़कों पर गरजीं शालिनी सिंह पटेल, PWD ने जल्द सर्वे व टेंडर का किया ऐलान '

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर जनपद बांदा की एक ऐतिहासिक ग्राम पंचायत के जर्जर एवं अब तक निर्मित न हुए संपर्क मार्गों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया और लिखित रूप से ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि यह ग्राम पंचायत स्वतंत्रता संग्राम और राजनीति के क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रखती है, जहां से आज़ाद भारत के प्रथम आम चुनाव (1952-1957) में स्वर्गीय रामसनेही भारतीया जी बबेरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए और 1957 में पुनः विधायक चुने गए, साथ ही उन्होंने तीन बार जिला परिषद अध्यक्ष के रूप में सेवा दी। उनके सुपुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार भारतीया जी भी जिला पंचायत अध्यक्ष रहे, वहीं इसी ग्राम के निवासी श्री राम शिरोमणि वर्मा जी मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे तथा इस ग्राम पंचायत से लगभग 14-15 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आज़ादी में अहम योगदान दिया, लेकिन इतने गौरवशाली इतिहास के बावजूद आज भी कई प्रमुख संपर्क मार्गों का निर्माण न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# रेलवे-स्टेशन पर निरीक्षण को आए डीआरएम ने पकड़ी को कई अनियमितताए

**-गुस्साए डीआरएम ने सुधर जाने कक दी कड़ी चेतावनी**

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मंडल रेल प्रबंधक झांसी मंडल झांस डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने गुरुवार शाम कोंच रेलवे स्टेशन और रेलवे विस्तारीकरण योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में फैली अव्यवस्थाओं, जनसुविधाओं की बदहाल स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही मिलने पर डीआरएम का पारा चढ़ गया और वह भडक उठे।उन्होंने मौके पर ही कई अधिकारियों को फटकार लगाई।



डीआरएम के निरीक्षण की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डीआरएम सबसे पहले स्टेशन परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने प्लेटफार्म, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सुरक्षा उपकरणों और चल रहे रेलवे विस्तारीकरण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें लगभग हर व्यवस्था में खामियां मिलीं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। स्टेशन परिसर में जगह-जगह फैली गंदगी देखकर डीआरएम ने नाराजगी जताई। यात्री शौचालयों पर ताले लटके मिलने और पानी की समुचित व्यवस्था न होने पर उन्होंने इसे यात्रियों की सुविधा के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने साफ कहा कि यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पास मंडी की ओर खुला पड़ा करीब सात फीट गहरा गड्ढा भी डीआरएम की नाराजगी का कारण बना। उन्होंने इसे गंभीर सुरक्षा चूक बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शुक्रवार तक इसे पूरी तरह सुरक्षित कराया जाए, ताकि कोई हादसा न हो सके। स्टेशन और प्लेटफार्म के बीच खुले में रखे जनरेटर पर भी उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई और इसे तत्काल व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। रेलवे विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन ट्रैक और अन्य कार्यों की धीमी प्रगति देखकर भी डीआरएम संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने निर्माण एजेंसियों और संबंधित इंजीनियरों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में अनावश्यक देरी बिल्कुल स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन भवन और टिनशेड की रंगाई पुताई और रखरखाव पर भी डीआरएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्टेशन की रंगाई-पुताई और साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के आदेश दिए। स्टेशन के ठीक बगल से वर्षों से रखे लोहे के डिब्बा को तत्काल हटवाने के कड़े निर्देश दिए। इसी दौरान स्टेशन के अंदर स्थापित अलार्म पैनल बंद मिला, जिसे उन्होंने गंभीर सुरक्षा लापरवाही माना। इस पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरविंद श्रीवास्तव के खिलाफ तत्काल निलंबन की कार्रवाई कर दी गई। डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसुविधाओं और जनसुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोंच स्टेशन की वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है और यहां सुधार की काफी आवश्यकता है। सभी संबंधित अधिकारियों को सोमवार तक खामियां दूर करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेलवे परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार प्रयासरत है।इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक पूनम, सह स्टेशन प्रबंधक मंदाकिनी,सह स्टेशन प्रबंधक शातू पटेल आदि उपस्थित रहे।

# अनुश्रवण राष्ट्रीय लोक अदालत समित्ति की तृतीय बैठक सम्पन्न

## -वैवाहिक एवं भरण पोषण वादो को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने के दिए निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.05.2026 को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिये अध्यक्ष/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत परिवार न्यायालय प्रवीण कुमार पाण्डेय, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई की अध्यक्षता में अनुश्रवण राष्ट्रीय लोक अदालत समित्ति की तृतीय बैठक नवनिर्मित भवन वादकारियों के बैठने हेतु प्रतीक्षालय / परामर्शदाता केन्द्र, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई में आयोजित की गयी। जिसमें अध्यक्ष / नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक पारिवारिक / वैवाहिक एवं भरण पोषण वादों में पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता कराये जाने का प्रयास करें, जिससे अधिक संख्या में पारिवारिक / वैवाहिक एवं भरण पोषण वादो को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके। बैठक में उपस्थित परिवार कल्याण विशेषज्ञ सुश्री प्रियंका द्विवेदी, सदस्य / मध्यस्थगण श्री विनोद प्रकाश ब्यास व श्रीमती सुलेखा सिंह द्वारा बताया गया कि लिटीगेशन हेतु जो भी पत्रावलियों न्यायालय से प्राप्त होती है उनमें मीडियेशन करायी जा रही है एवं निरंतर वादकारियों से सम्पर्क किया जा रहा है एवं नियत तिथियों पर पक्षकारो के मध्य सुलह वार्ता कराये जाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जा सके। बैठक में उपस्थित विद्वान अधिवक्तागण द्वारा भी आश्वासन दिया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को समझाने का प्रयास कराया जायेगा। बैठक में सदर मुंसरिम काजी वसीम उल्ला, एव विद्वान अधिवक्तागण कामेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महेश रंजन, मनोज शुक्ला, अंशू द्विवेदी, सृष्टि चतुर्वेदी संगप्रिय गौतम एवं न्यायालय कर्मचारी राजन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# कृषि व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत पर नोडल अधिकारी की पैनी नजर, हाईटेक नर्सरी से लेकर फार्म तक किया व्यापक निरीक्षण

## गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार पर जोर–किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने जनपद में कृषि एवं उससे जुड़े संस्थानों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाईटेक नर्सरी बोहदपुरा, भेड़-बकरी प्रजनन केंद्र, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के कार्यालय, उप कृषि निदेशक कार्यालय एवं कृषि फार्म का भ्रमण किया।



हाईटेक नर्सरी बोहदपुरा के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी को उद्यान विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि यह नर्सरी में राजदीप एग्रीप्रोडक्ट्स प्रा.लि. द्वारा लगभग 1.09 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है। यहां बैंगन, टमाटर, मिर्च, बंदगोभी, फूलगोभी, गांठगोभी सहित कद्दूवर्गीय सब्जियों जैसे लौकी, खीरा, करेला आदि के पौधे भूमि रहित माध्यम (सोइललेस तकनीक) से तैयार किए जाते हैं। नोडल अधिकारी ने नर्सरी में स्थापित अत्याधुनिक सीड सोइंग, अंकुरण एवं हार्डनिंग चैम्बरों की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा। उन्हें बताया गया कि स्वचालित सीड सोइंग मशीन प्रति घंटे लगभग 10 हजार बीज बोने की क्षमता रखती है, जबकि अंकुरण चैम्बर में नियंत्रित तापमान एवं आर्द्रता के साथ एक लाख तक पौधे एक साथ तैयार किए जा सकते हैं। हार्डनिंग चैम्बर में पौधों को अंतिम रूप से मजबूत कर खेतों में रोपण योग्य बनाया जाता है। हाईटेक नर्सरी में विद्युत कनेक्शन न होने से संचालन नहीं हुआ है, जिस पर नोडल अधिकारी ने विद्युत कनेक्शन के लिए जिलाधिकारी या अपने निदेशालय को डिमांड लेटर लिखें जिससे विद्युत कनेक्शन समय से सुनिश्चित हो, जिससे किसानों को समय से लाभ मिलना शुरू हो जाए। नोडल अधिकारी ने इस आधुनिक व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को रोगमुक्त एवं उच्च गुणवत्ता वाली पौध उपलब्ध होगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके उपरांत उन्होंने भेड़-बकरी प्रजनन केंद्र का निरीक्षण किया, जहां विभिन्न नस्लों की भेड़ों नाली (109), मुजफ्फरनगरी (139) एवं मगरा (128) की स्थिति का अवलोकन किया गया। साथ ही बरबरी नस्ल की बकरियों की संख्या 139 पाई गई। अधिकारियों ने बताया कि यहां उन्नत नस्लों का प्रजनन कर पशुपालकों को नर मेढ़े एवं बकरे उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे पशुधन की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। नोडल अधिकारी ने पशुपालन को आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए इसके विस्तार पर जोर दिया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के परियोजना कार्यालय एवं बीज विधायन संयंत्र का भी निरीक्षण किया। परियोजना अधिकारी सुनील कुमार से बीज उत्पादन की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने गोदाम में भंडारित मूंगफली, तिल एवं सांवा बीजों के रख-रखाव का जायजा लिया और साफ-सफाई व सुव्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बीजों की गुणवत्ता बनी रहे और किसानों को प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध हो सकें। उप कृषि निदेशक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने पटलवार कार्यों की समीक्षा करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा किसानों को दी जा रही सेवाओं में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय केवल प्रशासनिक केंद्र न रहकर किसानों के लिए समाधान केंद्र के रूप में कार्य करे, जहां उन्हें योजनाओं की जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन एवं त्वरित सहायता सहज रूप से प्राप्त हो। अंत में उन्होंने कृषि फार्म का निरीक्षण किया और वहां उगी झाड़ियों को तत्काल साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि फार्म को एक मॉडल फार्म के रूप में विकसित किया जाए, जहां उन्नत एवं वैज्ञानिक पद्धति से फसलों का उत्पादन कर किसानों को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया जा सके।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से दो टुकड़े हुआ ट्रेक्टर

## कुसमिलिया ग्राम का है मामला, तीन गंभीर घायल,उपचार हेतु भर्ती

( यंग भारत न्यूज )





**उरई।** डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया के पास गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया, जबकि स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे के समय तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर ग्राम कुसमरिया का बताया जा रहा है, जबकि स्कॉर्पियो डकोर क्षेत्र की है। इस दर्दनाक हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, वहीं ट्रैक्टर चालक की हालत भी नाजुक बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही डकोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजते हुए हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि दुर्घटना तेज रफ्तार, लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुई।

# जन आक्रोश रैली में भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यकर्ताओं ने चेताया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** नगर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं के द्वारा नारी शक्ति बंधन अधिनियम 2026 का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों कांग्रेस व सपा के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई। इस दौरान महिलाओं ने नगर की सड़कों में महिलाओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा कार्यालय में एकत्रित कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं ने जन आक्रोश रैली के माध्यम से सड़कों में विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। स्थानीय नगर के पुराने राजमार्ग तथा टरननगंज बाजार में निकाली गई जन आक्रोश रैली में शामिल महिलाओं ने नारी शक्ति का यह अपमान- नहीं सहेगा हिंदुस्तान।। नारी के सम्मान में - भाजपा मैदान में।। विभिन्न नारों के साथ में महिलाओं के द्वारा यह विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ज्योति विश्वकर्मा, एकता , आशा देवी, वंदना देवी, कल्पना त्रिपाठी, सीता वर्मा, निशा कोस्टा,,फरहत, नीतू कोस्टा, मीनाक्षी दीक्षित, पुष्पा गोयल, अर्चना गुप्ता, कल्पना मिश्रा आदि महिलाओं तथा कार्यकर्ताओ के द्वारा प्रदर्शन में हिस्सा लेकर विपक्षी दलों को चेताया गया।

# बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

## -एक तक चली अम्बेडकर यात्रा का समापन भी किया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** एक माह तक जनपद में चली बुंदेलखंड अधिकार मंच के तहत डा. भीमराव अंबेडकर यात्रा के समापन अवसर पर बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच के संस्थापक एवं संयोजक कुलदीप बौद्ध के नेतृत्व में निकहत रवीन, सचिन कुमार, अनुज यादव, प्रदीप कुमार, प्रदुम्न, किरन मेहरा, ऊषा देवी, आयुष कुमार, देवेन्द्र अनिल, अजय सिंह, अनीता, प्रवीण कुमार, अनुराधा, सुरेन्द्र कुमार आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि विगत एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक जनपद में संस्था के द्वारा डा. भीमराव अम्बेडकर माह मनाया गया जिसके तहत जनपद के 134 का भ्रमण कर मनाया गया। 30 अप्रैल को समापन दिवस किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास यह भी लेखा-जोखा नहीं है कि जनपद में कितनी भीमराव आंबेडकर की मूर्तियां स्थापित हैं जिनकी गणना करायी जाने के बाद उनकी सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये साथ ही अम्बेडकर की मूर्तियों की सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किये जाये तथा गांवो में स्थापित अम्बेडकर प्रतिमाओं सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाए जायें जिससे अराजकतत्वों द्वारा उन्हें क्षति न पहुंचाई जा सकें।

# जन चौपाल बनी जनविश्वास का सेतु, योजनाओं की जानकारी से जागरूक हुए ग्रामीण

## नोडल अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने योजनाओं का लिया फीडबैक, पात्रों तक लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकड खण्ड जालौन के ग्राम पहाड़पुरा में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम उस समय जनभागीदारी का सशक्त मंच बन गया, जब उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी, सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों को विस्तार से पढ़कर सुनाई और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया। जन चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने मौके पर ही स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया कि योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों को मिल रहा है या नहीं। उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों को भी महत्व देते हुए बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया। इस पहल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश दिया। नोडल अधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा नागरिकों के जन्म से लेकर बुजुर्ग अवस्था तक समग्र कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और पोषण हेतु सहायता दी जा रही है, वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराया जा रहा है, जिसमें एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा रहा है, जिसके माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण इलाज से वंचित न रहे।किसानों के हितों पर विशेष जोर देते हुए नोडल अधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता को रेखांकित किया और अपील की कि जिन किसानों की रजिस्ट्री नहीं बनी है, वे तत्काल इसे बनवाएं। उन्होंने बताया कि गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य किया जा रहा है, साथ ही खाद एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ भी इसी के माध्यम से सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए किसानों को कम पानी वाली फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वर्षा सामान्य से कम होने की संभावना है, ऐसे में जल बचत आधारित खेती अपनाना समय की मांग है, जिससे उत्पादन भी बेहतर होगा और संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों को ग्राम पंचायतों के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पंचायतों के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है। यदि सभी ग्रामवासी मिलकर संकल्प लें और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें, तो गांव का समग्र विकास संभव है और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बहुजन अधिकार सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बहुजन अधिकार सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार के नेतृत्व में नीरज श्रीवास्तव, आर. डी. सागर, मुलायम सिंह आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए कलेक्ट्रेट सुल्तानपुर में वर्षों से जमें बाबू स्टेनों एवं नायब नाजिर के प्रभाव एवं कार्यप्रणाली तथा ओएसडी प्रकरण में अनियमितताओं तथा संभावित जाति भेदभाव की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि जिससे एक समिति समूह का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है और प्रशासनिक संतुलन प्रभावित होता प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि क्या केवल अनुसूचित जाति से संबंध रखने के कारण ही संबंधित ओएसडी को उनके पद के अनुरूप कार्य से विरक्त किया गया है साथ ही अनुसूचित जाति के अधिकारी को उनके वैधानिक पद पर कार्य न करने देना कहीं न कहीं जातिगत भेदभाव की श्रेणी में आता है।यह प्रकरण न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठता है। बल्कि सामाजिक न्याय एवं समान अवसर के सिद्धांतों की दृष्टि से भी अत्यंत गंभीर है इसलिए इस बिंदु की निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकें। ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई है कि कुछ कर्मचारी अच्छे पटल दिलाने के नाम पर आर्थिक लेन-देन करते हैं, महत्वपूर्ण पटल सीमित प्रभाव में संचालित होते हैं तथा शिकायतों के बावजूद प्रभाव के कारण ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है। उन्होंने मामले की जांच करवा कर कार्रवाई की मांग उठाई है।

# आत्मसम्मान की चाबी देकर गए बाबा साहब ', अलाईपुरा में धूमधाम से मनी जयंती

( यंग भारत न्यूज )



- **वैचारिक एकता के बिना संघर्ष अधूराः पुनीत भारती**
- **देर रात तक गूंजे 'जय भीम' के नारे**

**उरई ( जालौन )।** जालौन तहसील के ग्राम पंचायत अलाईपुरा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। यह आयोजन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि वैचारिक जागरूकता और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला कार्यक्रम बन गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने ओजस्वी स्वर में कहा कि बाबा साहब ने समाज को केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की चाबी भी सौंपी है। उन्होंने युवाओं से वैज्ञानिक सोच विकसित करने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक समाज वैचारिक रूप से एक सूत्र में नहीं बंधेगा, तब तक संघर्ष अधूरा रहेगा। इस दौरान ज्योतिराव फुले के योगदान का भी उल्लेख करते हुए बताया गया कि अप्रैल माह महापुरुषों का महीना है, जब समाज सुधार और जागरूकता के कई महत्वपूर्ण अध्याय लिखे गए। रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में 'जय भीम' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। सांस्कृतिक संध्या में बाबा साहब और अन्य महापुरुषों पर आधारित गीतों व प्रस्तुतियों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में पुनीत कुमार, अवधेश गौतम, संत कुमार शिरोमणि, सुधाकर राव, अनुराधा कठेरिया, अनूप आजाद, नीरज चौधरी, आशीष वर्मा, जावेद अहमद, अशोक कुमार, भगवानदास, संतराम कुशवाहा, श्रीप्रकाश कुशवाहा, रमेश वर्मा, अनुरुद्ध दोहरे, कामता प्रसाद वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 10 से 12 लोग जबरन घुसे घर मे , महिलाओं तक से की अभद्रता और मारपीट

## सीओ कर रहे है प्रकरण की जांच

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगत सिंह नगर में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट व महिलाओं के साथ अभद्रता और उन्हें मुहल्ले में घुमाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।



पीड़ित धर्मेन्द्र पुत्र रमेश निवासी भगत सिंह नगर ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह मुहल्ले के ही कई लोग 10-12.अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लोग एकराय होकर घर में घुस आए और लाठी-डंडे, से हमला कर दिया। धर्मेन्द्र का आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ मारपीट की और उनकी पत्नी छन्नो तथा बहन कस्तूरी को घर से बाहर निकालकर दोनों महिलाओं को पूरे मुहल्ले में घुमाया जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंची। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं के साथ सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकतें की गईं ।घटना के दौरान मुहल्ले के कुछ लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। पीड़ित के पुत्र योगेन्द्र ने पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर पर कॉल किया। आरोप है कि पुलिस पहुंचने के बाद भी आरोपी युवक की पिटाई करते रहे। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी प्रभावशाली और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिससे परिवार भय और दहशत में है।

धर्मेन्द्र ने बताया कि घटना वाले दिन ही थाना कोंच में शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित ने शिकायती पत्र में बताया कि पूरी घटना को मुहल्ले के कई लोगों ने देखा है। उन्होंने सीओ से आरोपियो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, परिवार की सुरक्षा तथा न्याय दिलाने की मांग की है।

### क्या कहा सीओ ने

वही मामले को लेकर सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है मामले की पुलिस टीम द्वारा गहनता से जांच कराई जा रही है और शिकायती पत्र में लगाए गए आरोप अगर जांच में सत्य पाए जाते हैं तो आरोप के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिलेंडर फटने से घर में लगी भीषण आग को दमकल कर्मियों ने बुझाया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** प्रदेश सरकार तथा विभाग के द्वारा तमाम प्रकार की जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी आग लगने की घटनाओं में कमी नहीं हो पा रही है। गुरुवार को गैस सिलेंडर फटने से घर में भीषण आग लग गई।



स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उसरगांव में निवासी लाखन सिंह पुत्र पन्नू के घर में रखे हुए गैस सिलेंडर दोपहर को तेज आवाज के साथ फट गया। देखते देखते पूरे घर में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन केंद्र कालपी प्रभारी मानवेंद्र सिंह एवं कर्मचारियों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आकर के घर में रखा गेहूं आदि समान जलकर नष्ट हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घर में एक बेटी की शादी 20 मई को होना थी। इसी क्रम में आटा के रेलवे लाइन के किनारे पेड़ों तथा झाड़ियां में आग लग गई। दमकल कर्मियों के द्वारा मौके पर पहुंचकर अग्नि शमन कर्मचारियों के द्वारा बड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# ठिकाना' कैफे पर आधा दर्जन बिगड़ैल युवकों ने की तोड़फोड़ व मारपीट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** चुर्खी रोड पर संचालित ठिकाना कैफे पर रंगबाजी को लेकर आधा दर्जन युवकों ने ग्राहक व वेटर के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं कैफे में तोड़फोड़ भी की। कैफे संचालक ने मारपीट की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के चुर्खी रोड संचालित ठिकाना कैफे के संचालक पुनीत मुदगल ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की दोपहर में वह कैफे में नहीं था किसी काम के चलते कैफे के बाहर गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर के ही लगभग आधा दर्जन युवक कैफे में आए और कैफे में पहले से मौजूद एक ग्राहक व कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हुए गाली, गलौज शुरू कर दी। जब स्टाफ ने मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान एक महिला ग्राहक भी मौजूद थी उसे भी असहजता का सामना करना पड़ा। मारपीट के बाद सभी युवक कैफे के सामान और कुर्सियों को तोड़ फोड़कर वहां से भाग गए। इन युवकों ने मारपीट के दौरान कैफे में तोड़फोड़ करने लगे। तोड़फोड़ के बाद सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर क्राइम विवेक मौर्य ने बताया कि सूचना मिली है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी

# महिलाओं के हितों के लिए भाजपा मैदान में - पटेल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** 220 विधानसभा क्षेत्र के आगामी चुनाव 2027 के लिए सरकार तैयारियों में लगी हुई है। प्रमुख उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव पटेल ने कालपी का भ्रमण करके प्रतिष्ठित लोगों से भेंट करके क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की।



स्थानीय नगर के टरननगंज बाजार में स्थित समाज सेवी देव पटेल के आवास पर कार्यकर्ताओं तथा समाजसेवियों डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व नागरिकों से गौरव पटेल ( रामजी ) ने मुलाकात की। भाजपा नेता पटेल ने कहा कि कालपी की तुलना में उरई का विकास जोरों पर हुआ है। उन्होंने कहा कि कालपी में रोजगार की उपलब्धता कराना जरूरी है। इसके लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाने की जरूरत है। भाजपा सरकार विकास एवं रोजगार पर गतिशीलता से जुटी हुई है। भाजपा नेता पटेल ने महिला आरक्षण विधेयक 2026 की कांग्रेस, सपा अन्य दलों के विरोध करने पर अड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हितों के लिए भाजपा मजबूती से जुटी हुई है। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, पूर्व महामंत्री डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब अरविंद राठौर, नगर उपाध्यक्ष राजाबाबू ओमरे, तहसील मंत्री अमीर हसन अंसारी, व देव पटेल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** प्रदेश की भाजपा सरकार की सहयोगी पार्टी अपना दल के प्रांतीय अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का काफिला जैसे ही कालपी नगर के हाइवे रोड स्थित दुर्गा मंदिर चौराहा से पर पहुंचा। पहले से ही मौजूद कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के द्वारा नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर प्रदीप पाल विधान सभा अध्यक्ष, सुशील साहू जिला सचिव,पवन पुरवार ,धीरेन्द्र तिवारी नगर अध्यक्ष,सुमित यादव पूर्व सभासद, महेंद्र गौतम , शशिकांत अहिरवार ,अजय श्रीवास सहित अपना दल एस के कार्यकर्ता तथा समर्थक मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने सभासदो के साथ व व्यापार मंडल ने व्यापारियो के साथ स्टेशन का निरीक्षण करने आए डीआरएम का किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम अवरूद्ध कुमार का पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सभासदों के साथ अंगवस्त्र उडाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया वही व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया के नेतृत्व में पहुचे व्यापारियों ने पट्टिका ओढ़ाकर स्वागत किया ।पालिकाध्यक्ष एवं व्यापारियों ने कई अहम मांगों के क्रियान्वयन किए जाने को लेकर डीआरएम को ज्ञापन भी सौंपे।



डीआरएम को सौंपे ज्ञापन में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यहां रेलवे स्टेशन के पास खाली भूमि पड़ी हुई है जिसका सदुपयोग न होकर कूड़ा एकत्रीकरण में दुरुपयोग हो रहा है, इस खाली भूमि पर नगर पालिका एक पार्क विकसित करना चाहती है ताकि नागरिकों को बीच बस्ती में सुंदर और स्वच्छ वातावरण का स्थान मिल सके। पालिकाध्यक्ष ने इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की मांग की है। इस दौरान सभासद अनिल वर्मा, विनोद सोनी, दंगल सिंह यादव, माधव यादव, महेंद्र कुशवाहा, नरेश कुशवाहा,समसुद्दीन मंसूरी,आदि मौजूद रहे ।वहीं उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया की अगुवाई में स्थानीय व्यापारियों ने कोंच-एट-सरसोखी ट्रेन का मिलान एट जंक्शन पर आने वाली प्रत्येक ट्रेन से कराए जाने की मांग करते हुए डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। किराना व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गिरवासिया, मंत्री रामशंकर कनकने, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, अवध यादव, लला गुप्ता देवगांव आदि व्यापारियों ने ज्ञापन देकर झांसी एवं कानपुर के रास्ते जाने वाली गाड़ियों के मिलान हेतु कोंच-एट शटल ट्रेन की समय सारिणी परिवर्तित करने, कोंच स्टेशन पर आरक्षण, पार्किंग और पेयजल की चौबीसों घंटे सुविधा प्रदान किए जाने एवं स्थल ट्रेन का झांसी/कानपुर तक विस्तार किए जाने की मांग की है।

# वांछित अपराधियों पर शिकंजा: कुठौन्द पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार




( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुठौन्द थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए वारंटी अभियुक्त आदित्य प्रताप उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य प्रताप उर्फ छोटू पुत्र मदन मोहन, ग्राम नौरेजपुर थाना कुठौन्द का निवासी है, जो लंबे समय से वारंट के चलते फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी तलाश थी और अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी वांछित अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# 7 लोगों ने हमला करके कर दिया कई को घायल

## नामजद लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनुपुर में एक राय होकर हमला व लाठी से हमला करके कई लोगों को घायल करने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा 7 नामजदों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उपनिरीक्षक रामजीलाल को विवेचना सौंपी गई है।

उक्त घटना को लेकर वादी छोटे पुत्र ऊदल निवासी ग्राम मैनुपुर ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 26.04.2026 को सुबह 10:30 प्रार्थी व प्रार्थी के बच्चे घर पर थे। की इतने में आरोपी वीरेंद्र पुत्र ऊदल, शिवकुमार व उसकी पत्नी व किशन व उसकी पत्नी पुत्रगण वीरेंद्र एवं वीरेंद्र की पत्नी व पुत्री प्रार्थी के घर के अंदर घुस आए। उक्त सभी आरोपीगढ़ अपने हाथों में अवैध हथियार लाठी, कुल्हाड़ी, सब्बल, डंडा आदि लेकर आए और प्रार्थी व प्रार्थी के पुत्र एवं पुत्री पर तथा पत्नी को घर के अंदर घुसकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और प्रार्थी एवं प्रार्थी के परिवार के लोगों को बुरी तरह मारा पीटा जिससे प्रार्थी एवं प्रार्थी की पुत्री यो को गंभीर चोटें आई। आरोपियों ने प्रार्थी के पुत्र राम भरोसे को भी सर में सबल मार दिया था जिससे गंभीर चोटें आई। प्रार्थी की पत्नी को भी हाथ एवं छाती आदि में गंभीर चोटें आई हैं। प्रार्थी के सर में उक्त आरोपीगणों ने सरिया एवं लाठी से वार किया जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटें आई। उक्त आरोपीगण कह रहे थे कि तुम लोगों को गांव में नहीं रहने देंगे। और जान से मार देंगे। प्रार्थी एवं प्रार्थी के परिवार को जान का खतरा है। कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। उक्त आरोपीगण प्रार्थी व उसके परिवार से रंजिश मानते हैं इस घटना को गांव के अन्य लोगों ने देखा है।

# बीती रात घर के सो रही नाबालिग के साथ कि छेड़छाड़, कोतवाली जाते 2 वक्त आरोपी के बड़े भाई ने हड़का कर भगा दिया, दी धमकी,पीडिता ने लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नाबालिग बेटी से छेडछाड का एक मामला आमने आया है ।रात्रि में घर के अंदर घुसकर घर में सो रही नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ किए जाने एवं शिकायत करने के लिए कोतवाली जाते समय रास्ते में आरोपी के बड़े भाई द्वारा धमकाए जाने का आरोप लगाते हुए महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।जानकारी के अनुसार



कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि बुधवार/गुरुवार की रात पड़ोसी युवक उसके आंगन में कूद कर आ गया। उक्त युवक सो रही उसकी 13 बर्षीय बेटी के बगल में लेट गया और छेड़छाड़ करने लगा। अचानक से बेटी जाग गई और उसने शोर मचाया तो युवक ने बेटी का मुंह दबा दिया, इसी दौरान वह भी जाग गई और फिर शोरगुल सुनकर घर के अन्य लोग मौके पर आ गए जिसके बाद उक्त युवक को पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस बुलाकर युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि रात में ही वह बेटी और देवर संग कोतवाली जा रही थी तभी गांव के बाहर रास्ते में युवक के बड़े भाई ने उसका रास्ता रोक लिया और समझौता करने का दबाव बनाने लगा, उसने जब समझौता करने से मना कर दिया तो वह देख लेने की धमकी देकर भाग गया। मामले को लेकर महिला ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एएसपी ने कोतवाली का बारीकी से किया औचक निरीक्षण कर अपराध समीक्षा बैठक की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक कोतवाली पहुँचने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली के विभिन्न पटलों का बारीकी से जायजा लिया और अभिलेखों, लंबित मामलों तथा कार्यालय व्यवस्था की समीक्षा की ।उन्होने मैस,कम्प्यूटर कक्ष,निर्माणाधीन बैरिक,कार्यालय,महिला हेल्प डेक्स आदि को देखा ।निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी ने अपराध समीक्षा बैठक की, जिसमें क्षेत्र में कानून व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं, अपराध नियंत्रण तथा गश्त व्यवस्था को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने कोतवाली परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और समयबद्ध पूर्णता को लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।



- हर सिपाही को वीट की जानकारी होना चाहिए- एएसपी ईशान सोनी
- पैदल गस्त कर जनता को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने नगर के व्यापारियों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, ताकि किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में पुलिस को जांच में सहायता मिल सके और अपराधियों की पहचान आसानी से हो सके। उन्होंने कहा कि कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और अपराधों पर अंकुश लगेगा ।एएसपी ने आरक्षी एवं महिला सिपाहियो को निर्देश दिए कि वीट की जानकारी रखे वीट मे जनप्रतिनिधि कौन रहता है ।अपराधी कौन है सर्राफा की दुकाने,विद्यालय आदि की भी जानकारी हो ।उन्होने कहा विट के सिपाही की नम्वर सभी के पास होना चाहिए जिससे कही कोई दिक्कत हो तो वीट सिपाही को सूचना मिल सके ।निरीक्षण और बैठक के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ कोतवाली से मुख्य मार्ग होते हुए सागर चौकी तक पैदल मार्च किया। पैदल मार्च का उद्देश्य नगर में सुरक्षा व्यवस्था का संदेश देना और आमजन में विश्वास कायम करना रहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद,प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडेय, खेड़ा चौकी प्रभारी शिवनारायण, सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में 125 मतदाता करेंगे अध्यक्ष का मतदान

## महामंत्री के पद पर एक पर्चा बापिस होने से अन्य सभी पदों पर निर्विरोध बनना तय

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** गुरुवार को अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के वार्षिक चुनाव के लिये महामंत्री पद पर अशोक मोहन राय खन्ना के द्वारा नामांकन पत्र बापिस ले लिया गया। अध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य पदों पर 1-1 उम्मीदवार मैदान में रह जाने उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 30 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच तथा वापसी बार भवन कालपी में अधिवक्ता एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी जयवीर सिंह यादव एडवोकेट की गई। महामंत्री पद पर दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। जिनमें अशोक मोहन राय खन्ना ने अपना नामांकन पत्र बापिस कर लिया गया है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए गयादीन अहिरवार एवं अवधेश सिंह सोलंकी के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये है। अब इन्ही दो उम्मीदवारों के बीच चुनाव मुकाबला 8 मई को होगा। इसी प्रकार महामंत्री के पद पर मोहम्मद आमीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आशुतोष श्रीवास्तव एडवोकेट ने ।संयुक्त मंत्री पद के लिए दिव्य स्वरूप श्रीवास्तव एडवोकेट गोलू ने, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमर सिंह अहिरवार ने अपने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये है। जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर रविंद्र कुमार श्रीवास्तव डब्बू,उदय सिंह यादव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर हेमंत साहू, तरुण गुप्ता, रोहित कुमार द्वारा निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए गए गये हैं ।1-1 नामांकन दाखिल होने से इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होना सुनिश्चित हो गया है। आगामी 8 मई को 125 मतदाताओं द्वारा सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक अध्यक्ष पद के लिये मतदान किया जायेगा। इसके उपरांत मतगणना तथा चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री आदि पदों पर निर्विरोध बनने वाले पदाधिकारियों को गुरुवार को सभी अधिवक्ता एक दूसरे को बधाई देते रहे।

# बार में चल रही थी पार्टी. आईजी साहब थे मौजूद, SSP ने छापा मारने का दिया आदेश. दो आदेशों के बीच फंसी पुलिसकर्मी

( यंग भारत न्यूज )

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में शनिवार देर रात एक बार में चल रही कथित अनियमित पार्टी पर छापेमारी के दौरान पुलिस महकमे के भीतर ही विवाद की स्थिति पैदा हो गई। राजपुर रोड स्थित रोमियो लेन बार में हुई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर कई थानों की पुलिस मौजूद थी, लेकिन इसी बीच गढ़वाल रेंज के आईजी की उपस्थिति से पूरा घटनाक्रम अचानक जटिल हो गया।

सूत्रों के अनुसार, शहर में चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस देर रात बार, पब और नाइट क्लबों पर सख्त निगरानी कर रही है। इसी क्रम में रात करीब साढ़े 12 बजे सूचना मिली कि रोमियो लेन बार निर्धारित समय के बाद भी संचालित हो रहा है और भीतर तेज संगीत के साथ गतिविधियां जारी हैं। सूचना पर कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचते ही बार प्रबंधन ने आनन-फानन में लाइटें बंद करना शुरू कर दिया। इसी दौरान वहां मौजूद आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप भी मौके पर पहुंच गए। उनकी मौजूदगी के बाद स्थिति अचानक बदल गई और पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे। सूत्रों के अनुसार, आईजी ने मौके पर मौजूद पुलिस बल और विभिन्न थानों से आई टीमों की उपस्थिति पर सवाल उठाए। इसी बीच प्रेमनगर थाना प्रभारी से यह भी पूछा गया कि वह अपने क्षेत्र से बाहर कैसे पहुंचे। जवाब में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई के लिए भेजा गया था। घटनाक्रम के दौरान कुछ समय के लिए कार्रवाई प्रभावित होने की भी बात सामने आई है। हालांकि बाद में सूचना उच्च अधिकारियों तक पहुंचने पर देहरादून एसएसपी प्रमोद डोभाल स्वयं मौके पर पहुंचे और बार को तत्काल बंद कराया। वहीं, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह उस क्षेत्र से गुजर रहे थे और केवल भारी पुलिस बल की मौजूदगी को देखकर सामान्य जानकारी ली थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बारे में भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं और उनका उद्देश्य किसी भी कार्रवाई में हस्तक्षेप करना नहीं था। उधर, मामले के मीडिया में आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरुगेशन ने आईजी गढ़वाल और एसएसपी देहरादून से 24 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। साथ ही पूरे घटनाक्रम की सच्चाई जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच भी शुरू कर दी गई है।



# मुंबई से भाग प्रेमी से मिलने गई थी फरज़ान, गुजरात में प्रेमी ने मार डाला, 34 साल बाद 'भूत' ने खोला राज!

(यंग भारत न्यूज)

अमहदाबाद। अहमदाबाद में 34 साल पहले हुई एक महिला की हत्या का राज 'भूत' ने खोल दिया है. इस चौंकाने वाले खुलासे के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है. लापता हुई महिला हत्या में तब्दील हो गया है.



अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने वटवा इलाके के कुतुबनगर में खुदाई कर महिला का कंकाल बरामद किया है. पुलिस को शक है कि ये कंकाल फरजान उर्फ शबनम के हैं, जो 1992 में लापता हो गई थी. हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार जानकारी के मुताबिक फरजान मुंबई की रहने वाली थी और वह अपने प्रेमी शमशुद्दीन से मिलने अहमदाबाद आई थी. लेकिन इसके बाद वह अचानक गायब हो गई. उस समय पुलिस ने गुमशुदगी का मामला माना और जांच आगे नहीं बढ़ पाई. अब 34 साल बाद इस केस में नया मोड़ आ गया है. पुलिस को शक है कि फरजान की हत्या उसके प्रेमी शमशुद्दीन ने ही की थी. पूछताछ में पता चला कि उनके रिश्ते को लेकर शमशुद्दीन के परिवार में तनाव था. इसी विवाद के चलते उसने फरजान की हत्या कर दी और अपने घर के अंदर बने कुएं में शव फेंक दिया, जिससे यह राज सालों तक छिपा रहा.

### इस तरह भूत ने किया खुलासा

हाल ही में शमशुद्दीन के परिवार के लोगों को फरजान का 'भूत' दिखाई देने लगा था. इस वजह से वे डर और तनाव में आ गए. इसके बाद उन्होंने कुछ तांत्रिकों से संपर्क किया.तांत्रिक ने घर शव दफन होने की बात कही. इसी दौरान हत्या की जानकारी सामने आई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचाया गया.

### शमशुद्दीन की हो चुकी है मौत

शमशुद्दीन की मौत हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने उसके भाई रिजवान समेत कुछ अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. साथ ही परिवार के लोगों और संभावित गवाहों से भी जानकारी जुटाई जा रही है. डीसीपी अजीत राजियन ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और बरामद कंकाल (अवशेषों) की पहचान के लिए फारेंसिंक जांच भी कराई जाएगी.

# यूपी के श्रमिकों को बड़ी राहत देने की तैयारी में योगी सरकार, बनाई जा रही जबरदस्त योजना

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार श्रमिकों के लिए बड़ी राहत देने की तैयारी में है। अब तक अस्थायी कैंपों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बजाय श्रमिकों को स्थायी और कैशलेस इलाज से जोड़ने की योजना बनाई जा रही इसके साथ ही उनके रहने के लिए हॉस्टल सुविधा शुरू करने पर भी काम तेज हो गया है।

पिछले वित्तीय वर्ष में कारखानों में 2.77 लाख पुरुष और 23,941 महिला श्रमिक पंजीकृत थे। ई-श्रम पोर्टल पर प्रदेश के 8.42 करोड़ असंगठित श्रमिकों का डाटा दर्ज है। इनमें से 7.06 करोड़ से अधिक श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। करीब 35 लाख श्रमिक पहले खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित थे, जिन्हें अब जोड़ा गया है। बड़ी संख्या में श्रमिकों को अभी भी सामाजिक सुरक्षा की जरूरत है। प्रदेश में बहुत से श्रमिक ईएसआइ और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से बाहर हैं। जिन्हें समय-समय पर अस्थायी कैंप के माध्यम से इलाज की सुविधा मिलती है, इसे ध्यान में रखते हुए श्रम विभाग नई स्वास्थ्य योजनाएं तैयार कर रहा है। प्रस्ताव है कि ऐसे श्रमिकों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जोड़ा जाए, जिससे उन्हें अस्पताल में भर्ती, सर्जरी, जांच और दवाओं की कैशलेस सुविधा मिल सके। इसके साथ ही श्रमिकों को काम के लिए शहरों में आकर रहने में काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए सरकार हास्टल सुविधा शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सस्ती आवासीय व्यवस्था मिल सके। श्रमिकों के साथ उनके बच्चों के लिए पहले से चल रही छात्रवृत्ति योजनाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। वर्तमान में जिन श्रमिकों की मासिक आय 24 हजार रुपये से कम है, उनके लिए श्रम कल्याण परिषद आठ योजनाएं चला रही है। इनमें बच्चों की पढ़ाई, खेल, कन्यादान और धार्मिक पर्यटन के लिए 2,500 से एक लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। हालांकि जानकारी के अभाव में इसमें आवेदन अभी कम है। केंद्र सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों को मिलाकर चार नई श्रम संहिताएं लागू की हैं, जिनसे श्रमिकों और उद्योग दोनों के हित सुरक्षित होंगे। इसमें वेतन संहिता में न्यूनतम वेतन और समय पर भुगतान, औद्योगिक संबंध संहिता में हड़ताल, छंटनी और विवाद समाधान, ओएसएच संहिता में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा संहिता में पीएफ, ईएसआइ, ग्रेच्युटी और गिग वर्कर्स के अधिकार का प्रविधान किया गया है। इन श्रम संहिताओं के आधार पर प्रदेश की नियमावली तैयार हो रही है। इस नियमावली के लागू होने से श्रमिकों के हित में कई योजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।



# मुख्यमंत्री अपने मुकदमे वापस लेने की लिस्ट खुद पढ़ेंगे या हम पढ़वा दें, अखिलेश का योगी पर पलटवार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महिला सशक्तिकरण के लिए बुलाए गए विशेष सत्र के दौरान सपा पर जमकर बोला। मायावती के साथ गेस्ट हाउस कांड को याद दिलाकर योगी सपा पर जमकर बरसे।



पूजा पाल प्रकरण का जिक्र कर सपा पर निशाना साधा। योगी ने सपा को महिलाओं को लेकर हुई घटनाओं के बारे में आईना दिखाया। इसके बाद अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया। अखिलेश यादव ने ऐक्स पर पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा कि जो मुकदमे मुख्यमंत्री जी ने अपने ऊपर से वापस लिए थे, उनकी लिस्ट याद करके वो खुद पढ़ेंगे या हम किसी से पढ़वा दें। सदन में या सड़क पर। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महिला सशक्तिकरण के लिए बुलाए गए विशेष सत्र के दौरान निंदा प्रस्ताव रखने से पहले संबोधित किया। योगी ने कहा कि सपा माफियाओं के सामने नतमस्तक है। योगी ने कहा कि सपा विधायक पूजा पाल इसकी सबसे बड़ी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि जब राजू पाल की हत्या हुई थी, तब सपा माफियाओं के सामने झुक गई थी. सीएम ने आरोप लगाया कि सपा की सहानुभूति न तो पिछड़ों, दलितों और न ही पूजा पाल जैसे लोगों के प्रति है।

### देख सपाई, बिटिया घबराई

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल जन्मजात महिला-विरोधी हैं। उनकी रग-रग में नारी का अपमान भरा हुआ है। जब भी सपा को प्रदेश में सत्ता मिली, महिलाओं पर अत्याचार और क्रूर घटनाओं ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। हर व्यक्ति जानता है कि सपा सरकार के समय 'देख सपाई, बिटिया घबराई' जैसे स्लोगन बन गए थे। स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो या अन्य महिला संबंधी अत्याचार, इनकी छवि जगजाहिर है।

### प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताई

वहीं उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में लाए गए प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आपत्ति जताई और कहा कि जो विषय राज्य सरकार का नहीं है, उस पर चर्चा नहीं हो सकती। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कार्यमंत्रणा के प्रस्ताव की जानकारी दी। इस पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा, ''नियमावली कहती है कि जो मुख्यत: राज्य सरकार का विषय न हो, उस पर बहस या मतदान नहीं कराया जाना चाहिए। महिला आरक्षण विधेयक संसद के अधिकार का विषय है, राज्य सरकार का नहीं, इसलिए इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। पांडेय ने कहा कि हम नारी सशक्तीकरण या नारी आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, हम समर्थन में हैं। लेकिन प्रस्ताव में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में बाधा उत्पन्न करने की बात निंदात्मक है। सवाल है कि बाधा कहां उत्पन्न की जा रही है ? यह विषय कहां से आता है ?''

# मिर्जापुर में पुलिस चौकी के भीतर सिपाही और दरोगा को पीटा, वर्दी फाड़ी; यूपी में कानून से बेखौफ दिखे बदमाश

( यंग भारत न्यूज )

**मिर्जापुर।** प्रदेश के मिर्जापुर जिले में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने मंडलीय अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में घुसकर तैनात कॉन्स्टेबल (सिपाही) के साथ मारपीट कर दी. आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मी की वर्दी भी फाड़ दी. आधी रात हुई इस घटना पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत एक सड़क हादसे से हुई. बताया जा रहा है कि अस्पताल के पास गुड्डू सरदार के ई-रिक्शा की टक्कर के बाद कुछ दबंग लोगों ने चालक को पकड़ लिया. उसकी पिटाई के बाद उसे लेकर नजदीकी पुलिस चौकी पर पहुंचे. मौके पर मौजूद सिपाही ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की और ई-रिक्शा चालक को बचाने के लिए उसे चौकी के कमरे में बंद कर दिया, लेकिन यही बात हमलावरों को नागवार गुजरी. उन्होंने अन्य लोगों को फोन कर बुला लिया. बुधवार को करीब आधी रात वही लोग गुस्से में चौकी पर पहुंच गए और अचानक हमला बोल दिया. इस दौरान उन्होंने पुलिस चौकी में घुसकर सिपाही कमलेश पासवान पर हमला कर दिया. बीच बचाव में चौकी इंचार्ज मनोज कुमार राय भी चोटिल हो गए. सिपाही के सिर में चोट आई. इतना ही नहीं, चौकी इंचार्ज दरोगा के साथ भी हाथापाई की गई, उनकी वर्दी फाड़ दी और बैज तक नोच लिया. घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया. भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक कई उपद्रवी मौके से फरार हो गए थे. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है. विवेक जावला क्षेत्राधिकारी सदर का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. 3 आरोपियों को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. आरोपियों की पहचान भरत तिवारी, मनोज त्रिपाठी और विकास त्रिपाठी के रूप में है, जो देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के मेवली गांव के रहने वाले हैं.

# मानेसर में पिता के हत्यारे की बेटे ने 15 से अधिक गोलियां चलाकर की हत्या, शादी के लिए मिली थी पैरोल

( यंग भारत न्यूज )

**मानेसर ( गुरुग्राम )।** आईएमटी मानेसर थानाक्षेत्र में कासन गांव में गुरुवार सुबह दो हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पूर्व सरपंच पिता की हत्या का बदला लेने के लिए बेटे ने साथी के साथ मिलकर आरोपित सुंदर फौजी को 15 से ज्यादा गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या के बाद हमलावर फरार हो गए। आगे जाकर उन्होंने पिस्टल को फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।आईएमटी मानेसर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बेटे की शादी के लिए मिली थी पैरोल जानकारी के अनुसार, कासन गांव निवासी 60 वर्षीय सुंदर फौजी ने 2018 में पूर्व सरपंच बहादुर की हत्या कर दी थी। पहले सुंदर फौजी और बहादुर दोस्त हुआ करते थे, लेकिन रुपयों के लेनदेन में दोनों एक-दूसरे के दुश्मन बन गए थे।2018 में हत्याकांड के बाद पुलिस ने आरोपित सुंदर फौजी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ साल पहले कोर्ट ने इसे सजा भी सुनाई थी। बताया जाता है कि सुंदर के बेटे की शादी 20 अप्रैल को थी। बेटे की शादी के लिए सुंदर फौजी जेल से पैरोल पर बाहर आया था। इसके बाद गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह घर के पास ही पहाड़ी पर घूमने के लिए गया था। वहां से वापस आने के बाद कासन में चौहान बूट हाउस के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान बाइक से आए दो हमलावरों ने पिस्टल से उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों में एक आरोपित पूर्व सरपंच बहादुर का बेटा था। वारदात के बाद दोनों आरोपित हथियार लहराते हुए फरार हो गए। कहा जा रहा है कि बेटे ने पिता की मौत का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीमों ने घटनास्थल से खाली खोल बरामद किए हैं। आईएमटी मानेसर थाना पुलिस ने कहा कि घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# नाजिया की मौत के बाद कब्र से निकाली गई उसकी बॉडी, बड़ी बहन ने शादाब खान को लेकर जो बताया वो सुन हर कोई चौंका

( यंग भारत न्यूज )

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में एक युवती की मौत का मामला अब गंभीर और रहस्यमय मोड़ ले चुका है. जिलाधिकारी के आदेश पर 9 दिन पहले दफनाए गए नाजिया के शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई से यह मामला काफी चर्चा में आ गया है.

बहन के आरोप से खुला मामला

यह मामला पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जाफरपुर महावा गांव का है. बता दें कि मृतका नाजिया की बहन वाफिया ने 24 अप्रैल को जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल को शिकायत पत्र देकर मामले की जांच की मांग की थी.शिकायत में बताया गया कि 20 अप्रैल को नाजिया की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, इसके बाद गांव के ही शादाब खान उसे इलाज के लिए एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. लेकिन 21 अप्रैल को बिना परिवार को सूचना दिए शव को दफना दिया गया.प्रेम प्रसंग और जहर की आशंका मृतका की बहन ने आरोप लगाया है कि नाजिया की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है. उसने आशंका जताई कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है और युवती की मौत जहर खाने से हुई है. वहीं परिवार का कहना है कि बिना सूचना शव को दफनाना पूरे मामले को और संदिग्ध बनाता है. मामले में नया मोड़ तब आया जब बहन को नाजिया के मोबाइल फोन में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग मिलीं. इन रिकॉर्डिंग में नाजिया और शादाब खान के बीच बातचीत दर्ज है, जिससे पता चलता है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे और शादी करना चाहते थे.इन ऑडियो के सामने आने के बाद आशंका जताई जा रही है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा. यह भी संभावना है कि युवती ने खुद जहर खाया या उसे जहर देकर हत्या की गई हो. शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए. इसके तहत 29 अप्रैल को नायब तहसीलदार ओमप्रकाश और पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी हरीश तिवारी पुलिस टीम के साथ कब्रिस्तान पहुंचे.अधिकारियों की मौजूदगी में नाजिया के शव को कब्र से बाहर निकालकर कब्जे में लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. सीओ सदर शिवाक सिंह ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा.फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है.



# शादी की धूम ने छीन ली बेजूबानों की जान! डीजे की तेज आवाज से मरी पोल्ट्री फार्म की 140 मुर्गियां, दर्ज हुई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादी समारोह के दौरान बज रहे डीजे की तेज आवाज ने बड़ा नुकसान कर दिया।



दरियापुर गांव में आयोजित इस शादी में खुशी का माहौल अचानक चिंता में बदल गया, जब पास के एक पोल्ट्री फार्म में बड़ी संख्या में मुर्गियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दरियापुर गांव निवासी बब्बन विश्वकर्मा की बेटी की शादी 25 अप्रैल को थी। बारात कुड़वार क्षेत्र के राम भद्र पुरवा गांव से आई थी। बारात में डीजे पूरी आवाज में बज रहा था और लोग नाच-गाने में व्यस्त थे। जब बारात गांव के अंदर से गुजर रही थी, उसी दौरान यह जुलूस साबिर अली के पोल्ट्री फार्म के सामने से निकला। पोल्ट्री फार्म के मालिक साबिर अली का कहना है कि डीजे की आवाज बहुत ज्यादा तेज थी। इसके साथ ही तेज कंपन भी हो रही थी, जिससे फार्म के अंदर मौजूद मुर्गियां घबरा गईं। अचानक हुए इस शोर और कंपन से मुर्गियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घबराहट के कारण कई मुर्गियां एक-दूसरे से टकराने लगीं और कुछ ही समय में करीब 140 मुर्गियों की मौत हो गई। साबिर अली ने बताया कि उन्होंने डीजे संचालकों और बारातियों से आवाज कम करने की अपील की थी, लेकिन किसी ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि अगर समय रहते आवाज कम कर दी जाती, तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। इस घटना से उन्हें आर्थिक रूप से भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। घटना के बाद परेशान साबिर अली ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। उपनिरीक्षक भरत सिंह ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए डीजे संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान कुड़वार के परसीपुर निवासी कवि यादव के रूप में हुई है। पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या वास्तव में तेज ध्वनि और कंपन मुर्गियों की मौत का मुख्य कारण बने। एक्स्पर्ट्स की मदद से यह भी समझने की कोशिश होगी कि इस तरह की आवाज का जानवरों पर क्या असर पड़ता है। इस घटना के बाद एक बार फिर ध्वनि प्रदूषण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। शादी और अन्य समारोहों में तेज आवाज में डीजे बजाना आम बात हो गई है।

# पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ने नगर के खेर इंटर कॉलेज का किया भ्रमण

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ने नगर के प्रतिष्ठित विधायक खेर इंटर कॉलेज का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखकर प्रसंशा व्यक्त की। पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्नीलाल वर्मा ने गुरुवार को जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय खेर इण्टर कॉलेज का भ्रमण किया ।उन्होंने नवीन पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष एवं आयुष उद्यान को देखकर कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने विद्यालय में जो चहुमुखी विकास कार्य किये है एवं बच्चों को व्यवस्थाएं दीं है वह प्रसंशनीय है ।उनके कार्यकाल के समय से आज विद्यालय ने चहुमुखी विकास किया है,इसे इतिहास याद



करता रहेगा ।उन्होंने प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति के द्वारा विद्यालय में लगाए गए सौर्य ऊर्जा प्लांट एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी सराहना की ।उन्होंने कक्षाओं में सी सी टी वी कैमरों को देखा तथा अध्यापकों से मुलाकात की।

इस मौके पर प्रवक्ता बशीर अहमद खान,संतोष शाक्य,भूपेंद्र पंथी,जयप्रकाश वर्मा,गोपाल अग्निहोत्री, जितेंद्र सिंह पटेल,राम लला पटेल,क्रीड़ाध्यक्ष विनोद कुमार एवं सुधीर कुमार पाठक,संगीत अध्यापक सरजू शरण पाठक,अध्यापक राजवेन्द्र सिंह बुंदेला,सुभाष कुमार वर्मा,दुर्गा प्रसाद, दीन दयाल,जितेंद्र मिश्रा,इन्द्र नारायण, पुष्पेन्द्र वर्मा,प्रांजल तिवारी,थान सिंह,बाबूराम साहू,बलबीर सिंह परिहार, इंद्रभूषण द्विवेदी, प्रमोद सविता, जितेंद्र साहू,कुलदीप कोदबलकर,कौशलेश मिश्रा,प्रवीण सिरोही,कन्हैया लाल,कमलू कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# मथुरा में जन्मभूमि पर मूर्त रूप लेगा भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर : डॉ श्यामसुंदर पाराशर

## -गौमाता के संरक्षण को संत समाज एकजुट

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** ।अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता प. श्याम सुंदर पाराशर ने कहा है कि मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर निश्चित रूप से रूप से बनेगा। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए देशभर के साधु संत एकजुट हो गए हैं।

नगर के श्री सिद्धेश्वर सिद्धपीठ आश्रम पर आए भागवताचार्य श्यामसुंदर पाराशर ने सर्वप्रथम भगवान श्री सिद्धेश्वर एवं मां पीतांबरा के दर्शन किए ।इस दौरान महानगर धर्माचार्य आचार्य हरिओम पाठक ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्यामसुंदर पाराशर ने कहा कि जैसे अयोध्या में जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है उसी प्रकार शीघ्र ही मथुरा में भी भगवान श्री कृष्ण का भव्य मंदिर साकार रूप लेगा। संतों के बीच इसको लेकर मंथन चल रहा है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए भी संत समाज एकजुट हो गया है क्योंकि इससे गायों को संरक्षण मिलेगा और उनका वध करने वालों को कठोर सजा मिलेगी। उन्होंने कहाकि भारत के प्राणों का आधार गौ माता रही हैं ।इसलिए गौ का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है ।उन्होंने कहा कि मुसलमानों को मदरसे में आयतें रटाई जाती हैं, ईसाईयों को बाइबल की शिक्षा दी जाती है लेकिन सनातन में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिससे युवा वर्ग दिग्भ्रमित हो जाता है ऐसे में सनातन धर्म के स्वरूप को प्रतिष्ठापित करने के लिए हर युवा को रामचरित मानस की पांच चौपाइयों का पाठन नित्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के माध्यम से ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है क्योंकि हम वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत का पालन करते हैं ।आभार आचार्य राजीव पाठक ने व्यक्त किया।

# जीवन मे किये हुए कार्य ही अंत समय याद आते है-स्वामी रामकृष्ण

( यंग भारत न्यूज )




**गुरसरांय।** ग्राम अचौसा में चल रही श्रीमद्भगवत भागवत कथा का के तीसरे दिन कथा व्यास स्वामी रामकृष्ण बाल व्यास ने कहा कि जीवन में जैसा कार्य करोगे अंत समय मे वही याद आएंगे,इसलिए बचपन से ही भगवान के नाम का सहारा लो तभी जीवन मे नाम लेने की आदत पड़ेगी ।उन्होंने अजामिल प्रसंग में भगवान के नाम जप की महिमा का वर्णन किया।

संगीतमय कथा में ऑर्गन पर सतीश पटेल, ढोलक पर स्वदेश परिहार,पैड पर प्रियांश राव संगत कर रहे है। कथा की आरती परीक्षित राजकुमारी देवी राकेश पटेल ने की।इस मौके पर शांति आश्रम गौरैया मंदिर अचौसा के महंत भज्जू महाराज , दीपेंद्र पटेल, रूपेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल दाऊ,नरेंद्र पटेल, राजू पटेल , दुर्गा पटेल, महीपत पटेल,मलखान पटेल , उमाशंकर पटेल , ध्रुव पटेल ,दीपक, दिनेश, रामजी, धीरज, सतीश यादव, वेद पाठी आचार्य श्री अस्वनी रामायणी आदि उपस्थित रहे।

# भोलेनाथ के जयकारों के साथ शिव पुराण का हुआ समापन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** महिला मण्डल के तत्वावधान में थाने के शिवालय मंदिर पर चल रही शिव पुराण की कथा का समापन हो गया।

कथा व्यास पं राम खिलावन शास्त्री कैरोखर वालों ने भगवान शिवजी एवं सती प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सती ने भगवान की परीक्षा लेनी चाही ।भगवान शंकर ने उन्हें बहुत समझाया लेकिन सती नही मानी,जिस कारण उन्हें अपना देह त्यागना पड़ा ।उन्होंने कहा भगवान परीक्षा का विषय नहीं है,भगवान प्रतीक्षा का विषय हैं।भगवान भोलेनाथ के विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने सती के द्वारा तपस्या कर भोलेनाथ को प्राप्त करने का प्रसंग सुनाया।कथा में सितारवादक पं सरजू शरण पाठक द्वारा भजन प्रस्तुत किये गए। कथा में ऑर्गन पर रामेश्वर प्रसाद पाठक,ढोलक पर रानू तिवारी ने संगत की। इस दौरान डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया, राम पाल तिवारी,अरविंद दुवे,रमेश मौर्य,रामेश्वर प्रसाद पाठक, चेतन्य सेठ,सुमन गुप्ता, सरोज व्यास,कार्तिक पाठक, पुष्पेन्द्र पटेरिया,राहुल पुजारी,विमला गुप्ता, हृदेश कुमारी गुप्ता ,सोनू पटेल,नमन गौतम आदि उपस्थित रहीं।

# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया राहुल द्विवेदी की पुस्तक का विमोचन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** हाउस ऑफ मेमोइर और बुंदेलखंड विकास परिषद ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में पुस्तक अनावरण सत्र और बुंदेलखंड के रत्नों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी थे। आईएएस जुनैद अहमद, गौरी फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, प्रोफेसर सुनील काबिया और सीए गौरव गुप्ता की पुस्तकों का अनावरण किया गया और उन्हें बुंदेलखंड के रत्नों के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बुंदेलखंड विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. विजय खेरा और हाउस ऑफ मेमोइर के संस्थापक शहजेब खान ने माननीय मंत्री जी और अन्य अतिथियों को सम्मानित किया। डॉ. अनिरुद्ध रावत ने कुशल संचलन किया। हाउस ऑफ मेमोइर के स्वयंसेवकों मनवेंद्र, अलीना, हर्ष शुक्ला और फैज ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अपना योगदान दिया।

# झांसी मेडिकल कॉलेज में लिफ़्ट टूट कर गिरने से एक व्यक्ति घायल

## 8 लोगों की क्षमता वाली लिफ्ट में 16 लोगों के चढ़ने से लिफ्ट टूट कर निचे गिर गई.

( यंग भारत न्यूज )

झांसी: महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में गुरूवार को लिफ्ट टूट कर गिरने से एक व्यकती गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसका इलाज किया जा रहा है, जब्कि कई लोग चोटिल है. घटना की सुचना मिलते ही सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और तत्काल दरवाजा खोल कर सभी को बाहर निकाला.

यह हादसा मेडिकल कॉलेज के वार्ड नंबर आठ की है, यहां भर्ती एक महिला को देखने के लिए उसके परिजन आए हुए थे, वहीं पंचकुइयां निवासी नौशाद भी अपनी सास को देखने आए थे, शाम करीब चार बजे लौटने के लिए लिफ्ट में सवार हुए, इसी दौरान अन्य लोग भी बच्चों समेत लिफ्ट में चढ़ गए. नौशाद के अनुसार, लिफ्ट में क्षमता से अधिक लोग सवार हो गए, इसी बीच लिफ्ट का दरवाजा बंद हुआ और पहली मंजिल पर पहुंचते ही तेज धमाके के साथ लिफ्ट नीचे गिर गई, जिससे अंदर मौजूद लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े. मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ सचिन माहौर ने बताया कि लिफ्ट 8 लोगों की क्षमता की है. एक मरीज से मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए थे, वह सभी लिफ्ट में चढ़ गए, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी ने उन्हें रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन, किसी ने बात नहीं सुनी ।, अतिरिक्त भार होने से तार टूट गई, और लिफ्ट नीचे गिर गई. इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज किया जा रहा है.

# इस्कॉन झांसी में नरसिंह चतुर्दशी का भव्य आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** नरसिंह चतुर्दशी के पावन अवसर पर इस्कॉन झांसी में भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उत्साह की विशेष अनुभूति देखने को मिली।


कार्यक्रम के अंतर्गत भक्तिमय कीर्तन-भजन, अभिषेक, तथा भगवान नरसिंह देव की दिव्य लीलाओं का वर्णन प्रस्तुत किया गया। साथ ही एक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भगवान नरसिंह की प्रकट लीला का सजीव चित्रण किया गया, जिसे उपस्थित भक्तों ने अत्यंत भाव-विभोर होकर देखा।इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सभी ने आरती के पश्चात महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरा मंदिर परिसर भक्तों की उपस्थिति से भरा रहा और हरिनाम संकीर्तन से वातावरण गूंज उठा।

यह उत्सव भगवान नरसिंह देव के उस दिव्य प्राकट्य की स्मृति में मनाया जाता है, जब उन्होंने अपने परम भक्त प्रह्लाद महाराज की रक्षा के लिए अवतार लिया और अधर्म का नाश किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से मंदिर के अध्यक्ष ब्रजभूमि दास, उपाध्यक्ष प्रिय गोविंद दास, व्रज जन रंजन दास, दामोदर बंधु दास, श्याम विलास दास, महेश्वर चंद्र दास, भक्त विपिन, अजय अग्रवाल, अशोक सिंघल, अशोक गुप्ता एवं पीयूष रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रमों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया7

# एमपी बॉर्डर पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वार, 1 करोड़ 88 लाख की लागत से चमकेगी सीमा

- दुरेडी-इटवा-लोहरा-परमपुरवा मार्ग पर शुरू होगा निर्माण, विकास को लगेंगे पंख
- 13 जनवरी 2027 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य, कनेक्टिविटी होगी और भी मजबूत
- योगी सरकार का गुड गवर्नेंस', सीमावर्ती क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में होगा बड़ा सुधार





( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुड गवर्नेंस और सीमावर्ती क्षेत्रों के कायाकल्प की नीति अब बांदा में धरातल पर उतरने जा रही है। बांदा जिले में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा को जोड़ने वाले दुरेडी-इटवा-लोहरा व परमपुरवा मार्ग पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होने जा रहा है। जिससे न केवल जिले की कनेक्टिविटी मजबूत होगी बल्कि सीमावर्ती इलाकों की सूरत भी बदल जाएगी और इस पर एक करोड़ 88 लाख रुपये खर्च होंगे।

## 1.88 करोड़ की लागत से चमकेगी सीमा

क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने के लिए योगी सरकार ने 1 करोड़ 88 लाख रुपये का भारी-भरकम बजट स्वीकृत किया है। इस भव्य प्रवेश द्वार के माध्यम से बांदा जनपद की सीमा पर आने वाले आगंतुकों का स्वागत शाही अंदाज में होगा। जिससे इस क्षेत्र का यातायात तो सुगम होगा ही साथ ही साथ उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की व्यापारिक गतिविधियों का बढ़ावा भी मिलेगा।

## जनवरी 2027 तक लक्ष्य, बुनियादी ढांचे में होगा सुधार

जिला प्रशासन ने इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए 13 जनवरी 2027 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है और लोक निर्माण विभाग को तय समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार की यह योजना इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात मानी जा रही है। कहा जाए तो योगी सरकार के कुशल सुशासन का यह परिणाम है जो क्षेत्र वर्षों से उपेक्षित थे। वहां अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। जिसके क्रम में यहां बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से बांदा के विकास को सचमुच पंख लगने वाले हैं।

## बांदा में भीषण गर्मी के बीच समाजसेवी प्रेम पाण्डेय का सराहनीय कदम, ट्रामा सेंटर को दान किया बड़ा कूलर

**बांदा।** देश के सबसे गर्म शहरों में शुमार बांदा में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच समाजसेवी प्रेम पाण्डेय ने जनहित को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने जिला अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर में मरीजों और तीमारदारों की सुविधा के लिए एक बड़ा कूलर दान किया। यह कूलर ट्रामा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को सौंपा गया, जिससे वहां आने वाले लोगों को राहत मिल सके। गौरतलब है कि इन दिनों बांदा में तापमान लगातार ऊंचाई पर बना हुआ है। लू और गर्म हवाओं के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में ट्रामा सेंटर जैसे महत्वपूर्ण विभाग में ठंडक की व्यवस्था बेहद आवश्यक हो जाती है। प्रेम पाण्डेय की इस पहल से न केवल मरीजों बल्कि उनके साथ आने वाले परिजनों को भी बड़ी राहत मिलेगी। इस पहल के पीछे ट्रामा सेंटर के प्रभारी डॉ. विनीत सचान की अपील भी अहम रही। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए कई समाजसेवियों एवं संबंधित विभागों से ट्रामा सेंटर में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का आग्रह किया था। उसी क्रम एवं प्रेरणा से समाजसेवी प्रेम पाण्डेय आगे आए और यह सराहनीय कदम उठाया। इस अवसर पर प्रेम पाण्डेय ने कहा कि भीषण गर्मी में अस्पताल आने वाले मरीजों की स्थिति को देखते हुए यह छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे भी जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। समाजसेवी प्रेम पाण्डेय लंबे समय से क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भीषण गर्मी के दौरान वे नियमित रूप से प्याऊ लगवाने व पेयजल की व्यवस्था कराने जैसी सेवाएं करते रहते हैं, जिससे राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिलती है।

# रोटरी क्लब ऑफ झांसी करेगा 'यूथ सर्विस माह' का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** रोटरी क्लब ऑफ झांसी की मीटिंग रोटे0 सी0 बी0 राय 'तरुण' की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।रोटरी क्लब समर्थित इंटरेक्ट क्लब के संचालन हेतु 11 सदस्यीय समिति घोषित करते हुए मई में 'यूथ सर्विस माह' पर एक भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

रोटे0 पी0 के0 भटनागर ने आगामी माह मई में होने वाली डिस्ट्रिक लर्निंग असेंबली जयपुर एवं डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस रामनगर की जानकारी देते हुए सहभागिता की अपील की ।रोटे0 डा0 प्रदीप श्रीवास्तव ने क्लब की स्मारिका प्रकाशन संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन सीताराम श्रीवास्तव, विष्णु गुप्ता, डा0 के0 जी0द्विवेदी, डॉ0आर0 सी0अरोरा, उमाशंकर अग्रवाल, बद्री प्रसाद अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, पुरुषोत्तम स्वामी, डॉ0 ए0 के0 सांवल , डॉ सतीश अग्रवाल, चितरंजन गोस्वामी, रूपेश अग्रवाल, डॉ0 डी0 एस0 गुप्ता, डॉ एम सी अग्रवाल, विनोद शर्मा, प्रदीप शुक्ला, ब्रजेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता , एम एल अमरया, प्रकाश दीक्षित, कैलाश नारायण मालवीय, रमेश मोदी, महेश गुरबक्शानी , सुधीर आर्या, रामदयाल आदि उपस्थित रहे, सभा का संचालन रोटे विजय कुमार खरे ने एवं आभार रोटे अशोक अग्रवाल PNB ने किया ।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718